CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:27 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:53 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 76 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 9 सितम्बर 2026



फैशन का जलवा और बंकर की...पेज-3 पर

## हनुमान अंशः सीएम योगी आदित्यनाथ से मिली फिल्म की पूरी टीम

**लखनऊ**

एजेंसी

फिल्म हनुमान अंश इन दिनों सिनेमाघरों में जबरदस्त कमाई कर रही है। इस बीच फिल्म की टीम ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। जानिए मुलाकात में क्या कुछ रहा खास। हनुमान अंश बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

फिल्म भारत में 150 करोड़ रुपये के कलेक्शन के करीब पहुंच गई है। इसी बीच फिल्म को रिलीज हुए 33 दिन पूरे हो गए हैं और इसकी टीम ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। फिल्म के डायरेक्टर विशाल चतुर्वेदी, प्रोड्यूसर और फिल्म की स्टारकास्ट के कुछ सदस्य मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। इस दौरान टीम ने सीएम योगी के साथ फिल्म बनाने के अपने अनुभव शेयर किए और फिल्म से जुड़ी कई बातें कीं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस मुलाकात की तस्वीरें भी शेयर की हैं। मुलाकात के दौरान फिल्म और इसके कुछ खास सीन्स पर चर्चा हुई। इन सीन्स में नीम करौली बाबा और नाथ संप्रदाय की परंपरा से जुड़े प्रसंग दिखाए गए हैं। नाथ संप्रदाय हिंदू धर्म की एक आध्यात्मिक परंपरा है, जिसका संबंध भगवान शिव से माना जाता है। यह परंपरा योग, ध्यान और साधना पर खास ध्यान देती है। फिल्म की टीम के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने फिल्म के उन महत्वपूर्ण सीन्स को भी देखा, जिनमें गोरखनाथ और नाथ संप्रदाय की परंपरा का जिक्र किया गया है। फिल्म में नीम करौली बाबा और नाथ परंपरा से जुड़े संतों के बीच के गहरे संबंध को भी दिखाया गया है।



### बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी पहुंचेंगे

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शुरू, सीएम समेत कई नेता शामिल

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता




भारतीय जनता पार्टी की आज हल्द्वानी में होने जा रही प्रदेश कार्यसमिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन समेत कई नेता शामिल होंगे। लेकिन प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और महामंत्री संगठन अजेय पहुंचेंगे या नहीं इसकी भी चर्चा है।

हल्द्वानी में आज भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हो रही है। बैठक की शुरुआत से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रभारी दुष्यंत गौतम, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत समेत सरकार के मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी,सभी जिलों के अध्यक्ष-महामंत्री और मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने ध्वजारोहरण किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी पहुंचेंगे। सीएम धामी दोपहर 2:20 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए पंतनगर एयरपोर्ट जाएंगे। इसके बाद दोपहर 3:10 बजे प्रदेश कार्यसमिति की बैठक, शाम 5 बजे प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक और शाम 7 बजे कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। सभी बैठकें हल्द्वानी में होंगी। उत्तराखंड में 2027 में हैट्रिक की तैयारी में जुटी भाजपा का हल्द्वानी में होने जा रहा दो दिवसीय महामंथन सिर्फ औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि मौजूदा मंत्रियों और विधायकों के भविष्य का रिपोर्ट कार्ड माना जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की मौजूदगी में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति में जिलों के पदाधिकारियों, मोर्चों और केंद्रीय व प्रांतीय नेतृत्व की फीडबैक रिपोर्ट के आधार पर ही प्रत्याशियों की कुंडली तैयार होगी। समापन सत्र में में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रहेंगे। प्रदेश कार्यसमिति बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत,राजयसभा सांसद नरेश बंसल, सांसद महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह,पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा,प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, तरुण बंसल,प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल,सभी केबिनेट मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, मेयर और दायित्वधारी मौजूद रहेंगे।

## नितिन नवीन बोले- भाजपा चलाएगी संकल्प सेवा अभियान

**नई दिल्ली**

एजेंसी



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज प्रेस वार्ता की है। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के 25 साल सार्वजनिक जीवन की तारीफ की। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर भाजपा संकल्प सेवा अभियान चलाएगी। वहीं राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए नितिन नवीन ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में युवा सशक्त हुआ है। युवाओं के आवाज को गलत दिशा दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि उनकी जनसेवा की यात्रा लगातार जारी है और पार्टी इस अवसर पर संकल्प सेवा अभियान चलाएगी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प से सिद्धि तक की यात्रा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं और उनके नेतृत्व में देश में व्यापक बदलाव आया है।

नितिन नवीन ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी, उस समय देश में अंधकार का माहौल था। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया और आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयास लगातार जारी हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन स्पष्ट है और उनके नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की साख मजबूत हुई है। दुनिया में भारत का प्रभुत्व और सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज हर भारतीय खुद को पहले से अधिक सुरक्षित महसूस करता है।

नितिन नवीन ने यह भी दावा किया कि देश अब पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष देश की सेवा और विकास को समर्पित रहे हैं। इसी उपलब्धि को रेखांकित करने के लिए भाजपा संकल्प सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी।

**तारीफ**

- सार्वजनिक जीवन में पीएम मोदी के 25 साल, नितिन नवीन ने संकल्प से सिद्धि तक बताया सफल

## भाजपा की रणनीति पर मंथन, सड़क पर कांग्रेस का संग्राम

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

रामपुर रोड पर भाजपा संगठन की रणनीति आकार ले रही थी तो दूसरी तरफ शहर के बुद्ध पार्क में कांग्रेस विरोध के तेवर दिखा रही थी। बुधवार को विंटेज गार्डन में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रस्तावित हल्द्वानी दौरे को लेकर यूथ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्कामुक्की हुई, जिसके बाद पुलिस ने यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विशाल भोजक, जिलाध्यक्ष सुमित कुमार समेत कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। विंटेज गार्डन में आयोजित भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन को धार देने, आगामी कार्यक्रमों और प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों पर मंथन किया गया। पार्टी की आगामी रणनीति और संगठनात्मक तैयारियों को लेकर भी पदाधिकारियों के बीच चर्चा हुई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के दोपहर करीब तीन बजे बैठक स्थल पहुंचने की संभावना के चलते कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। उनके संबोधन को लेकर भी पार्टी कार्यकर्ताओं की निगाहें टिकी रहीं। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संगठन को आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करने और कार्यकर्ताओं को चुनावी मोर्चे पर सक्रिय करने का संदेश दे सकते हैं।

## बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला टला

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण में बुधवार को जिस सुनवाई पर पूरे क्षेत्र की नजरें टिकी थीं, वह शीर्ष अदालत में नहीं हो सकी। सुबह से बनभूलपुरा में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा और पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

अब कंप्यूटर जनरेटेड सूची में मामले की अगली संभावित तारीख 17 सितंबर 2026 सामने आने के बाद एक बार फिर क्षेत्रवासियों और मामले से जुड़े पक्षों की निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिक गई हैं। रेलवे भूमि अतिक्रमण से जुड़ा यह मामला लंबे समय से अदालत में विचाराधीन है। हर संभावित सुनवाई से पहले बनभूलपुरा में माहौल बदल जाता है और प्रशासनिक मशीनरी भी सतर्क हो जाती है। बुधवार को भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। संवेदनशीलता को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखा और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए रखी। क्षेत्र में निगरानी के लिए ड्रोन समेत अन्य माध्यमों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस की सक्रियता का मकसद किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था प्रभावित न होने देना रहा। हालांकि, जिस सुनवाई को लेकर सुबह से उत्सुकता बनी हुई थी, वह नहीं हो सकी और मामला फिलहाल अगली लिस्टिंग की ओर बढ़ गया। अब 17 सितंबर की संभावित तारीख ने रेलवे भूमि प्रकरण की चर्चाओं को फिर हवा दे दी है। हालांकि अंतिम सुनवाई और सूची अदालत की आधिकारिक कार्यवाही पर निर्भर करेगी। ऐसे में अगली तारीख पर अदालत का रुख क्या रहता है और मामले की कानूनी दिशा किस ओर जाती है, इस पर सभी की निगाहें रहेंगी।

**सुनवाई टली तो फिर बढ़ी बेचैनी, 17 सितंबर पर अब नई नजर**

बुधवार को अदालत में सुनवाई नहीं हुई, लेकिन बनभूलपुरा की धड़कनें थमी नहीं। अब कंप्यूटर जनरेटेड सूची में दिख रही 17 सितंबर की संभावित तारीख ने मामले को फिर सुर्खियों में ला दिया है। असली तस्वीर अब अगली सुनवाई में ही साफ होगी।

# ज्योलीकोट में गुस्साएं गुस्साए लोगों के सब्र का बांध टूट पड़ा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

ज्योलीकोट क्षेत्र में जल जनित रोगों से दो मौतों तथा सैकड़ों ग्रामीणों के बीमार होने के बाद भी संक्रमण नहीं थमने से गुस्साए लोगों के सब्र का बांध टूट पड़ा।

जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने एक स्वर में मौतों के लिए जिममेदार अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने व प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने, निजी चिकित्सालयों में फ्री उपचार की व्यवस्था की मांग की। तय किया गया कि अब ग्रामीण फ रियाद लेकर किसी अधिकारी के पास नहीं जाएंगे बल्कि अधिकारियों को खुद आना होगा। वक्ताओं ने अफसोस जताया कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये आज भी लोगों को तरसना पड़ रहा है।

मंगलवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे नैनीताल यूथ कनेक्ट के संस्थापक कार्तिकेय चोपड़ा के आह्वान पर ज्योलीकोट बाजार में क्षेत्र के विद्यालयों के 11-12वीं के छात्र-छात्राएं व



शिक्षकों सहित जनप्रतिनिधि बड़ी संखया में ग्रामीण, महिलाएंम्शामिल हुए।सभा में संक्रामक रोगों से काल कवलित महिला व छात्र को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। हाथों में नारे लिखे तखितयां लेकर पहुंचे नैनीताल यूथ कनेक्ट के युवाओं ने जल संस्थान के साथ ही सिस्टम के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि पिछले दो माह से क्षेत्र में दूषित पानी से लोग बीमार हो रहे हैं जल संस्थान व स्वास्थ्य विभाग को आगाह किया गया लेकिन दो मौतों के बाद भी हालात नहीं सुधरे हैं। क्षेत्र में लचर स्वास्थ्य सेवाओं की वजह से हल्द्वानी के निजी अस्पताल मरीजों के तीमारदारों को लूट रहे हैं। इस दौरान बलाक प्रमुख डा. हरीश बिष्ट ने जेन जी की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब क्षेत्रवासी अधिकारियों के पास नहीं बल्कि अधिकारियों को मौके पर आना होगा। ग्रामीण जब चाहेंगे कमिश्नर तथा डीएम हो या अन्य अधिकारी आएंगे। बीडीसी सदस्य हिमांशु पाण्डे ने शासन-प्रशासन की इस मामले में हीलाहवाली पर आक्रोश जताया।फ दर पिंटो तथा वरिष्ठ भाजपा नेता हेम चंद्र आर्या ने एकजुट होकर आंदोलन पर जोर दिया।

संचालन कैलाश जोशी ने किया। सभा को जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट, राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरु, ग्राम प्रधान नवल कुमार सहित जेन प्रियंका बर्गली, अंशिका, समर्थ, समृद्धि, सानिया, रोशनी, वैष्णवी, सुनीता, पूर्णिमा, कल्पना, सीमा, मैरी, पुष्पा, कविता, सरिता, गीता, सीमा, मंजू, विद्या, ममता बर्गली, जया बर्गली, तन्मय भंडारी, मयंक, अंशुल जोशी, दीपक, सागर, सराज आलम, सिस्टर सीमा, राजेंद्र कोटलिया तथा मनोज चनियाल व गीता जोशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह ने बेहद चिंता जताई

**नैनीताल।** जल जनित रोगों के बढ़ते खतरे और प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति को देखते हुए भीमताल विकास खंड के बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने बेहद चिंता जताई है। उन्होंने बलाक के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम प्रधानों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पानी के सभी पारंपरिक और आधुनिक जल स्रोतों की तत्काल सफ ाई करवाएं और उनमें कलोरीनेशन सुनिश्चित करें। डा.बिष्ट ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि उनके द्वारा पूरे बलॉक हेतु हाइपोकलोराइड तथा कलोरीन की व्यवस्था की गई है। सभी बलॉक कार्यालय एवं कैंप आवास से इस हाइपो कलोराइड को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा हैं कि जिन भी स्रोतों से ग्रामीण पेयजल का उपयोग कर रहे हैं उन सभी जल स्रोतों में इसे तुरंत डाला जाए ताकि पानी पूरी तरह शुद्ध और कीटाणु रहित हो सके।डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में उनकी टीम पिछले काफी समय से लगातार बचाव कार्य चला रही है।

# हाईकोर्ट के समक्ष पेश हुए डीएम, सीएमओ, जल संस्थान व निगम के अफसर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत पड़ने वाले गांवों ज्योलीकोट, गांजा, वीरभट्टी, छीणा, बेलुवाखान और सरियाताल क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण फैली बीमारियों और मौतों पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है।

अधिवक्ता रवि बिष्ट की जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ के समक्ष जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, सीएमओ डॉ. रश्मि पंत तथा जल संस्थान व जल निगम के शीर्ष अधिकारी पेश हुए। कोर्ट ने अधिकारियों की लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते सीवर और पेयजल की पाइपलाइनों की मरम्मत कर ली जाती तो ग्रामीणों को इस संकट का सामना न करना पड़ता।

**जांच के आदेश और राहत कार्य की मॉनिटरिंग:** हाईकोर्ट ने पेयजल निगम के सचिव को कुमाऊं क्षेत्र के



लिए प्रस्तावित वाटर टेस्टिंग लैब को जल्द से जल्द मंजूरी देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को नैनीताल और आसपास के 20 से 25 विभिन्न जल स्रोतों से सैंपल लेकर 6 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। पीठ ने इसे महामारी जैसी स्थिति करार देते हुए जिलाधिकारी को राहत कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग करने, प्रभावित इलाकों में टैंकरों से शुद्ध पेयजल भिजवाने और सीवर लीकेज की समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल हेल्पलाइन नंबर जारी करने को कहा है।

# निजी चिकित्सालयों के फिजिशियन एवं गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जाएंगी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

ज्योलिकोट क्षेत्र में जल जनित रोगों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सीएमओ डॉ. रश्मि पंत द्वारा जिले के सभी निजी चिकित्सालयों को निर्देश जारी किए गए हैं कि जल जनित रोगों से संबंधित भर्ती मरीजों की दैनिक रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को मुहैया कराई जाए साथ ही आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत भर्ती मरीजों की सूचना भी प्रतिदिन मुहैयाकराने के निर्देश दिए गए हैं।

सीएमओ डा.पंत के मुताबिक क्षेत्रवासियों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में निजी चिकित्सालयों के फि जिशियन एवं गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 9 सितंबर को नीलकंठ हॉस्पिटल,100 सितंबर को उजाला सिग्नस जबकि 11 सितंबर को साई हॉस्पिटल तथा 12 सितंबर को सिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर,13 सितंबर



को चंदन हॉस्पिटल तथा 15 सितंबर को पुन- उजाला सिग्नस के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।डॉ. रश्मि पंत ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संखया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ लें तथा किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी लक्षण होने पर उपचार में देरी न करें।उन्होंने बताया कि ज्योलिकोट क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा 114 घरों का सर्वेक्षण किया गया। इस दौरान लोगों को जल जनित रोगों से बचाव के संबंध में स्वास्थ्य शिक्षा दी गई तथा आवश्यक स्क्रीनिंग की गई। बीमार पाए गए लोगों को चिकित्सालय जाकर चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार लेने की सलाह दी गई। टीमों द्वारा आवश्यकता के अनुसार ओआरएस एवं जिंक का वितरण भी किया गया।

## NEWS / फटाफट

### 21वीं सदी में ऐसी स्थिति अत्यंत चिंताजनक

**नैनीताल** । स्वास्थ्य सुविधाओं पर टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि 21वीं सदी में ऐसी स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। यदि सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डाकटर मौजूद नहीं हैं तो बिना किसी संकोच के बाहर से स्पेशलिस्ट डाकटरों की टीम बुलाई जानी चाहिए। कोर्ट के रुख को देखते हुए जिलाधिकारी ने मरीजों के निजी लैबों में एलाइजा व अन्य जरूरी टेस्ट कराने के लिए 4 लाख रुपये का बजट जारी कर दिया है जिसे आवश्यकता पड़ने पर और बढ़ाया जाएगा वहीं याचिकाकर्ता की ओर से दर्जनों मरीजों की लिवर रिपोर्ट पेश कर प्रभावितों के निश्शुल्क इलाज और मुआवजे की मांग रखी गई।

### सीएमओ डा.पंत ने रखी अपनी बात

**नैनीताल** । सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने अदालत को बताया कि पानी के दूषित होने से बीमारियां फैली हैं और प्रभावित गांवों में 8 डाकटरों की टीम समेत एकम्बुलेंस तथा मेडिकल स्टाफ तैनात किया गया है वहीं दूसरी ओर घर-घर जाकर कलोरीन टैबलेट्स और ओआरएस के पैकेट बांटे जा रहे हैं।

### प्रशासनिक व जल संस्थान के अफसरों ने स्वीकारी गलती

**नैनीताल** । हाईकोर्ट में प्रशासनिक और जल संस्थान के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि पुराने कूड़ा खड्ड के पास जल स्रोत में सीवर का पानी मिकस होने की वजह से यह स्थिति पैदा हुई। इस पर कोर्ट ने कड़े लहजे में अधिकारियों से कहा कि बीमारी आपकी लापरवाही से फैली है इसलिए इसके इलाज और पूरी व्यवस्था की जिममेदारी भी आपकी ही होगी।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य ने जाना पीड़ितों का हाल

**नैनीताल** । भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य ज्योलीकोट में जल जनित से पीड़ित लोगों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर वहां भर्ती मरीज़ों का हाल.चाल जाना। इस दौरान उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि वह जल्द सीएम से वार्ता कर क्षेत्र में पानी का नया टैंक और बीमार लोगों का सही उपचार के लिए वार्ता करेंगे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे धरना प्रदर्शन का भी समर्थन में भाग भी लिया। उन्होंने कहा कि दूषित पानी से तीन लोगों की मौत हो गई है जो क्षेत्र के लिए दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की बीमारी से पीड़ित लोगों का अच्छा से अच्छा ट्रीटमेंट करें। उन्होंने बीमारी से हुई तीन लोगों की मौत घर पहुंच कर दुख व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि जल्द ही वह इस विषय में मुखयमंत्री और सांसद अजय भट्ट से वार्ताकार उन्हें मुआवजे की मांग करेंगें। वहीं उन्होंने जल संस्थान के अधिशासी अधिकारी से वार्ता कर क्षेत्र में खराब पेयजल लाइन बदलने की निर्देश दिए।

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने किया पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण

**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 785वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 785वें दिन पौधारोपण के साथ व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत डीडीहाट के जौरासी क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ संपर्क करते हुए पौधारोपण किया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### डबल इंजन सरकार का विकास योजनाओं पर फोकस:डा.आर्य

**नैनीताल** । भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने मंगलवार को नैनीताल विधानसभा के भीमताल विकासखंड के पटवाडांगर में बैठक की। इस दौरान उन्होंने लोगों को डबल इंजन सरकार की विकास योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डा.आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए समय-समय पर बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन कर रही हैं,उन्होंने लोगों से शिविरों का लाभ उठाने की गुजारिश की। इस मौके पर तारा चंद्र आर्य,नवीन चन्द्र काण्डपाल,दलीप कुमार, रितू भारद्वाज, कुंदन सिंह, भगवती देवी, अनीता देवी,ललित ओसवाल,अजय सिंह, कमल,प्रदीप, कुशल ,हरीश चंद्र, राहुल भारद्वाज, विशन राम तथा किशन राम, जीवन सिंह, गणेश ,रवि,बिपिन, जितेन्द्र कुमार तथा कुंदन धामी उपस्थित रहे।

# रिफार्म उत्सव के तहत नागरिकों से प्रशासनिक सुधारों हेतु सुझाव आमंत्रित:डीएम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारत सरकार की राष्ट्रव्यापी पहल रिफार्म उत्सव के अंतर्गत जनपद में प्रशासनिक सुधारों को गति देने के लिए व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि रिफॉर्म उत्सव का उद्देश्य नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य हितधारकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर सरकारी प्रक्रियाओं एवं सेवाओं में सुधार लानाए विभागीय कार्यप्रणाली को सरलए पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना तथा कार्यक्रम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।जिलाधिकारी ने बताया कि संबंधित विभाग निर्धारित समय.सारिणी के अनुरूप कार्ययोजना तैयार कर अपनी सेवाओं से जुड़ी ऐसी समस्याओं एवं जटिल प्रक्रियाओं को चिह्नित करेंगेए जिनमें सुधार की आवश्यकता है। नागरिकों से प्राप्त उपयोगी सुझावों का परीक्षण कर उन्हें समयबद्ध रूप से वास्तविक सुधारों में बदला जाएगा। कहा कि अभियान हेतु समय.सारिणी निर्धारित की गई है जिसमें 11 सितंबर से प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्य किया जाएगा जबकि 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जन मंथन चरण के दौरान ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों से सुधार संबंधी सुझाव प्राप्त किये जायेंगे वहीं 10 अकटूबर से 30 नवंबर तक विचार विमर्श।इस अवधि में विभागों द्वारा प्राप्त सुझावों की समीक्षा कर उन्हें तात्कालिक एवं मध्यम अवधि के सुधारों में वर्गीकृत किया जायेगा तथा अंतर.विभागीय सुधारों हेतु समन्वित कार्ययोजना तैयार की जायेगी जबकि 100 अक्टूबर से 20 दिसंबर तक जन समाधान चरण के तहत इसमें चयनित सुधारों को लागू करनेए प्रगति की निगरानी एवं विभागीय उत्तरदायित्व व समय.सीमा निर्धारित करने पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। 25 से 27 दिसंबर तक संकल्प सिद्धि समापन समारोह में सफल सुधारों बेहतर कार्यप्रणालियों एवं उनके परिणामों को प्रदर्शित किया जायेगा।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग की रूपरेखा हुई जारी:त्रिपाठी

**नैनीताल** । मेरा युवा भारत नैनीताल के जिला युवा अधिकारी कमल त्रिपाठी ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग की रूपरेखा जारी कर दी है।

त्रिपाठी के मुताबिक राष्ट्रीय युवा महोत्सव के इस भव्य राष्ट्रीय संस्करण का आयोजन 10 से 12 जनवरी 2027 के दौरान नई दिल्ली में किया जाएगा। इस पहल का मुखय उद्देश्य देश के युवाओं को श्विकसित भारत /2047 के विजन से सीधे जोडना और उनके विचारों को नीति.निर्माण का हिस्सा बनाना है। कहा कि इसमें 17 अगस्त 2026 तक 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के युवा इस कार्यक्रम के विभिन्न ट्रैकस में भाग लेने के पात्र हैं। माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण सभी पंजीकरण, क्विज और निबंध प्रतियोगिताएं मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जाएंगी।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकांता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## कथनी-करनी में अंतर

*हर देश यह भी चाहता है कि निर्यात बढ़ाकर विदेशी मुद्रा अर्जित की जाये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का उदाहरण दिया है। गांधी जी ने चरखा चलाकर सूत काता और स्वदेशी खादी वस्त्र तैयार करके विदेश से आयात होने वाले कपड़े का बहिष्कार किया। ब्रिटिश शासन की गुलामी के दौर में खादी स्वाभिमान की प्रतीक थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ग्रामोद्योग, कुटीर उद्योग, लघु उद्योग के लिए नीति निर्धारित की गई, लेकिन मल्टीनेशन कंपनियों ने स्वदेशी उत्पादों और लघु उद्योगों को पनपने नहीं दिया।*

स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना उचित है। दुनिया के सभी देश चाहते हैं कि आत्मनिर्भर बनें और विदेशी सामान के आयात को कम किया जाये। हर देश यह भी चाहता है कि निर्यात बढ़ाकर विदेशी मुद्रा अर्जित की जाये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का उदाहरण दिया है। गांधी जी ने चरखा चलाकर सूत काता और स्वदेशी खादी वस्त्र तैयार करके विदेश से आयात होने वाले कपड़े का बहिष्कार किया। ब्रिटिश शासन की गुलामी के दौर में खादी स्वाभिमान का प्रतीक थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ग्रामोद्योग, कुटीर उद्योग, लघु उद्योग के लिए नीति निर्धारित की गई, लेकिन मल्टीनेशन कंपनियों ने स्वदेशी उत्पादों और लघु उद्योगों को पनपने नहीं दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों के बाहर बड़े-बड़े बोर्ड लगाएं, जिन पर लिखा हो कि वे सिर्फ स्वदेशी उत्पाद बेचते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह तो कहा है कि किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हित सर्वोपरि हैं, परन्तु यह नहीं बताया कि इनके हितों की रक्षा के लिए सरकार क्या करने जा रही है? कुछ साल पहले प्रधानमंत्री मोदी और अन्य संगठनों ने चीन निर्मित सामान के बहिष्कार का आह्वान किया था। देश के करोड़ों लोगों ने चीन की बिजली की झालर का दीपावली पर इस्तेमाल नहीं किया। विडम्बना यह रही कि मेड इन चाइना की जगह मेड इन इंडिया का उत्पाद उपलब्ध नहीं था। वर्तमान में भी भारत के बाजार चीन के घटिया और सस्ते सामान से भरे हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह जरूर कहा है कि भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए गुणवत्ता बेहतर और कीमत कम करने की जरूरत है, परन्तु यह नहीं बताया कि इसके लिए सरकार क्या करने जा रही है। इमरजेंसी के बाद वर्ष 1977 में केन्द्र में जनता पार्टी की सरकार बनने पर कोल्ड ड्रिंक कोको कोला की जगह स्वदेशी थमसप और डबल सेवन का निर्माण करके बाजार में उतारा गया था। कुछ साल बाद कोको कोला और पेप्सी आने पर लोगों ने स्वदेशी थमसप कोल्ड ड्रिंक पीना बंद कर दिया। लोगों की मानसिकता बदलना जरूरी है। वर्तमान में मॉल कल्चर की अंधी दौड़ है। गांधी आश्रम में कीमत में छूट के बावजूद लोग खादी वस्त्र नहीं खरीदते हैं। बड़े शोरूम और मॉल में मल्टीनेशन कंपनियों के महंगे वस्त्र खरीदते हैं। गांधी आश्रम आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। इस स्थिति में स्वदेशी को बढ़ावा मिलना कठिन है।

# मुख्यमंत्री के दौरे से पहले पुलिस ने कसी कमर

## चप्पे-चप्पे पर सतर्कता और बेहतर यातायात प्रबंधन के निर्देश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री के आज प्रस्तावित जनपद भ्रमण को लेकर पुलिस महकमा पूरी तरह सतर्क हो गया है। वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक न हो, इसके लिए नैनीताल पुलिस ने सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन और कानून-व्यवस्था से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। एसएसपी ने अधिकारियों को ड्यूटी प्वाइंट पर पूरी सतर्कता बरतने, आपसी समन्वय बनाए रखने और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने स्पष्ट किया कि वीआईपी ड्यूटी के दौरान जिम्मेदारी में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी



अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सुरक्षित एवं सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी क्राइम/ट्रैफिक डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, एसपी कार्यालय नैनीताल रेवाधर मठपाल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी, सीओ भवाली रविकांत सेमवाल, सीएफओ गौरव किरार, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह समेत पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीओ नैनीताल अंजना नेगी, सीओ लालकुआं विमल प्रसाद तथा जिले के थाना प्रभारी, यातायात और सीपीयू प्रभारी भी बैठक से जुड़े।

मुख्यमंत्री के भ्रमण को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात संचालन और कानून-व्यवस्था को लेकर भी व्यापक तैयारी की है। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## रोटरी क्लब नैनीताल का 75वां स्थापना समारोह आज

नैनीताल। रोटरी कलब नैनीताल की ओर से जिला गवर्नर की आधिकारिक यात्रा एवं कलब के 75वें स्थापना समारोह का आयोजन बुधवार (आज) को किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत दिनभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10.300 बजे आरिफ कैसल में सभा से होगी। इसके बाद 11 बजे भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में जिला गवर्नर का स्वागत, एनसीसी परेड व सलामी, फुटबॉल टीम का परिचय और खिलाड़ियों को फुटबॉल किट का वितरण किया जाएगा। इसके बाद जिला गवर्नर संबोधित करेंगे। दोपहर 12.300 बजे नगर पालिका स्कूल में आधिकारिक हस्तांतरण समारोह तथा दोपहर एक बजे रोटरी सेल्फी प्वाइंट एवं कैनेडी पार्क में हस्तांतरण समारोह होगा। दोपहर 1.30 बजे बोट हाउस कलब में भोजन तथा इसके इसके बाद शाम 5.45 बजे बोट हाउस कलब में रोटरी कलब नैनीताल का 75वां स्थापना समारोह आयोजित किया जाएगा।

# कल रुद्रपुर में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन का आगमन,पंजाबी गौरव सम्मेलन की तैयारियां पूरी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रथम रुद्रपुर आगमन को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए रुद्रपुर शहर सज चुका है और उनके भव्य स्वागत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 10 सितंबर को बिलासपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित होने वाले पंजाबी गौरव सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं पूरी ताकत से जुटे हुए हैं।

सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने विधानसभा क्षेत्र के बिंदुखेड़ा, अमरपुर,रतनपुरी, अलखदेवी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सिख एवं पंजाबी समाज के बीच अलग-अलग बैठकें कीं। उन्होंने समाज के लोगों से सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुंचने और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भव्य स्वागत करने की अपील



की।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि नितिन नवीन का पहली बार रुद्रपुर आगमन हो रहा है, जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और पंजाबी-सिख समाज में विशेष उत्साह है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत को लेकर शहर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं और रुद्रपुर उनके स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है।उन्होंने कहा कि 10 सितंबर का पंजाबी गौरव सम्मेलन ऐतिहासिक होने जा रहा है। सम्मेलन में पंजाबी एवं सिख समाज के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल होंगे। बैठकों के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचने का संकल्प लिया है। विधायक ने कहा कि पंजाबी और सिख समाज ने तराई के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सम्मेलन समाज की एकजुटता, गौरव और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस दौरान किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश बजाज, गुरबाज दुमरा,प्रीत ग्रोवर, गुरबाज सिंह, गुरचरण सिंह, अमरीक सिंह, हरभजन सिंह, गुरबख्श सिंह, प्रीतम, हृदयाल, कृपाल सिंह, सिंह आदि रहे।

# फिल्मी दुनिया

## वेनिस फिल्म फेस्टिवल: फैशन का जलवा और बंकर की धूम





*10 दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल में हॉलीवुड समेत दुनियाभर के कई बड़े सितारे लिडो द्वीप पहुंच रहे हैं। इस बार रेड कार्पेट पर सादगी और क्लासी लुक देखने को मिल रहे हैं। खासतौर पर काले रंग के आउटफिट्स का खूब दबदबा है। हालांकि, कुछ सितारों ने अपने चमकीले और अलग अंदाज से खूब सुर्खियां बटोरी हैं। फेस्टिवल की ज्यूरी अध्यक्ष मैगी गिलेनहाल भी अपने लुक को लेकर चर्चा में रहीं। उन्होंने कस्टम ब्लैक सिल्क का असममित बालेंसीआगा गाउन पहना। वहीं, केंडल जेनर का गोल्डन लुक भी लोगों का ध्यान खींच रहा है। केंडल पहली बार वेनिस फिल्म फेस्टिवल में पहुंची हैं और इस खास मौके पर उन्होंने जियोर्जियो अरमानी के 1995 के फॉल-विंटर कलेक्शन का विंटेज आउटफिट पहना। वेनिस फिल्म फेस्टिवल को ऑस्कर से पहले सिनेमा की दिशा का एक अहम संकेत माना जाता है। इस बार गोल्डन लायन की दौड़ में शामिल कई फिल्में गंभीर और राजनीतिक मुद्दों को दिखा रही हैं। डैनी बॉयल की इंक, रॉबर्ट पैटिनसन और फोबे ब्रिजर्स की प्राइमटाइम और फ्लोरियन जेलर की बंकर जैसी फिल्मों की काफी चर्चा हो रही है। ज्यूरी अध्यक्ष मैगी गिलेनहाल ने भी माना कि महिला फिल्ममेकरों के लिए अपनी फिल्मों के लिए फंडिंग हासिल करना अब भी आसान नहीं है। ऐसे में इस साल वेनिस फिल्म फेस्टिवल में जहां रेड कार्पेट का फैशन चर्चा में है, वहीं सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को लेकर बहस भी तेज है।*

### रो पड़ीं पेनेलोप क्रूज

*वहीं, फेस्टिवल में फिल्म बंकर को भी दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला। फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद करीब 15 मिनट 30 सेकंड तक स्टैंडिंग ओवेशन मिला। इस दौरान फिल्म की एक्ट्रेस पेनेलोप क्रूज भावुक होकर रो पड़ीं। पेनेलोप ने अपने पति और फिल्म में उनके को-स्टार जेवियर बार्डेम को किस किया और भावुक नजर आईं। दर्शक लगातार तालियां बजाते रहे और इस लंबे स्वागत ने बंकर को वेनिस 2026 की अब तक की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली फिल्मों में शामिल कर दिया।*

# पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर मदिरा का सेवन करने वालों को दौड़ाया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण,कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे सघन चैकिंग अभियान के तहत शहर में भी अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर मदरा का सेवन करने वालों को दौड़ाया। साथ ही बिना किसी कारण के घूम रहे बाईक सवारों को हिदायत दी। पुलिस ने कई वाहनों को सीज की कार्रवाई की। मंगलवार की रात सीओ सिटी विभव सैनी एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रपुर प्रकाश दानू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रोडवेज, डीडी चौक, इंदिरा चौक, गल्ला मंडी सहित विभिन्न प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर व्यापक चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से चैकिंग की। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर मदरा का सेवन करने वालों को भी दौड़ाया। पुलिस की कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच्च गया। सीओ सिटी के मुताबिक शहर में बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट एवं ट्रिपल राइडिंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 7 वाहनों को सीज किया गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध करीब 15 चालान किए गए। सीओ ने बताया कि इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर रहे व्यक्तियों को दौड़ाया। चेतावनी दी कि सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एसएसपी के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत चैकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।इस अभियान के दौरान एसएसआई खुशवंत सिंह, चौकी प्रभारी बाजार प्रदीप कुमार समेत तमाम पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## News कॉर्नर

### नैनीताल में आशा वर्कर्स ने किया प्रदर्शन

नैनीताल । उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल के नेतृत्व में मंगलवार को नैनीताल में आशा कार्यकर्ताओं ने न्यूनतम वेतन, पेंशन तथा नियमितीकरण और अन्य मांगों को पूरा किये जाने के संबंध में धरना प्रदर्शन किया बाद में सीएम को ज्ञापन भेजा गया। गुस्साए आशा वर्कर्स ने कहा कि सरकार आशाओं के श्रम का लगातार शोषण कर रही है, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशाओं को न्यूनतम वेतन, कर्मचारी का दर्जा कुछ भी नहीं मिलता जो कि बिल्कुल अनुचित और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने आशा वर्कर्स की सभी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। प्रदर्शन में कई आशा वर्कर्स मौजूद रही।

### जिला अस्पताल से बिना बताए मरीज हुई फरार

नैनीताल । नगर के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला मरीज सोमवार शाम बिना किसी सूचना और छुट्टी लिए अस्पताल से चली गई। अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी 30 वर्षीय पिंकी अपने पति के साथ नैनीताल घूमने आई थी। इस दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे रविवार को जिला अस्पताल लाया गया। उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे अस्पताल में भर्ती कर लिया था। सोमवार शाम मरीज बिना अस्पताल स्टाफ को बताए और बिना छुट्टी लिए अस्पताल से चली गई। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत ने बताया कि अस्पताल की ओर से मुहैया कराए गए संपर्क नंबर पर परिजनों से बातचीत की गई। परिजनों ने बताया कि वे मरीज को लेकर वापस रामपुर चले गए हैं।

# शहर में वीआईपी दस्तक, उधर सुप्रीम सुनवाई का दबाव, बनभूलपुरा बना पुलिस का किला

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

एक तरफ मुख्यमंत्री समेत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के हल्द्वानी आगमन को लेकर शहर में वीआईपी सुरक्षा की चुनौती, तो दूसरी ओर बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण की सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तावित सुनवाई—नैनीताल पुलिस के सामने बुधवार को दोहरी परीक्षा की स्थिति रही। रेलवे प्रकरण को लेकर संवेदनशील बनभूलपुरा क्षेत्र में पुलिस ने सुरक्षा का ऐसा घेरा तैयार किया है कि इलाके का चप्पा-चप्पा निगरानी के दायरे में आ गया है। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने खुद मौके पर



पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस ने बनभूलपुरा क्षेत्र को दो सुपर जोन और चार जोन में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात करने के साथ ड्रोन से भी निगरानी की व्यवस्था की गई है। पुलिस का फोकस किसी भी संभावित तनाव को शुरुआती स्तर पर रोकने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर है। सुरक्षा व्यवस्था में दो एसपी, पांच सीओ, 15 इंस्पेक्टर/थाना प्रभारी, 10 चौकी प्रभारी, 45 उपनिरीक्षक/अपर उपनिरीक्षक, 182 हेड कांस्टेबल-कांस्टेबल और 47 महिला पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा पीएसी की दो कंपनियां और दो विशेष ड्रोन टीमें भी मोर्चे पर रहेंगी। संभावित आपात स्थिति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की चार यूनिट, यातायात पुलिस की चार टीमें, एक बम निरोधक दस्ता, दो हॉक पुलिस यूनिट, दो टीयर गैस टीमें, दो एंटी रायट टीमें और दो फायरिंग स्क्वाड को भी तैयार रखा गया है। एसएसपी ने मौके पर अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरतने और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन के चलते शहर में वीआईपी सुरक्षा का दबाव रहेगा। इसी बीच रेलवे भूमि प्रकरण की सुनवाई को लेकर बनभूलपुरा में अतिरिक्त सतर्कता ने पुलिस की जिम्मेदारी और बढ़ा दी है।

दो सुपर जोन, चार जोन और चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनाती। पीएसी से लेकर एंटी रायट टीम और बम निरोधक दस्ते तक तैयार—पुलिस ने संभावित चुनौती से निपटने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा खड़ा किया है।

# उत्तराखंड में बिना मान्यता चल रहे 107 मदरसे बंद, हरिद्वार में सबसे ज्यादा ताले

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

प्रदेश में बिना मान्यता चल रहे मदरसों पर सरकार की सख्ती के बाद 107 मदरसे बंद हो गए हैं। इसमें सबसे अधिक 102 मदरसे हरिद्वार जिले के हैं। सात सितंबर को अमर उजाला में मदरसों की वास्तविक संख्या को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद हरिद्वार एवं कुछ अन्य जिलों ने राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण को अपनी रिपोर्ट भेजी है।

हरिद्वार के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी चंद्र प्रकाश रावत ने मंगलवार को राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण को मदरसों की जो रिपोर्ट भेजी है। उसमें बताया है कि हरिद्वार जिले में 102 मदरसे बंद हो चुके हैं। 76 मदरसों ने मान्यता के लिए शिक्षा विभाग में आवेदन किया है। जो विचाराधीन है। 45 मदरसे शिक्षा विभाग में पंजीकृत हैं। जबकि 46 मदरसों का अभी निरीक्षण किया



जाना है। राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के मुताबिक हरिद्वार के अलावा ऊधमसिंह नगर में 119 मदरसे हैं। इनमें से अब तक पांच मदरसे बंद हो चुके हैं। जबकि 60 मदरसे ऐसे हैं, जिसने अब तक शिक्षा विभाग में मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया।

जबकि नैनीताल जिले में 18 मदरसों में से 12 ने मान्यता के लिए आवेदन किया है। प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह गांधी के मुताबिक पिथौरागढ़ जिले में एक और चंपावत जिले में दो मदरसे हैं। प्राधिकरण को दोनों जिलों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों की अभी रिपोर्ट नहीं मिली। मदरसा बोर्ड खत्म होने से पहले बोर्ड से देहरादून में 41, नैनीताल में 18, अल्मोड़ा में एक, पिथौरागढ़ में एक, हरिद्वार में 270, ऊधमसिंह नगर में 119 और चंपावत में दो मदरसे तहतानिया, फौकानिया, मुंशी-मौलवी एवं आलिम, अरबी-फारसी की मान्यता लिए थे। इसके अलावा भी राज्य में कई अन्य मदरसे चल रहे थे। मदरसा बोर्ड से बिना पंजीकृत मदरसों की प्राधिकरण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के पास रिपोर्ट नहीं है।

# अल्मोड़ा पुलिस पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय पहुंची, चतुर्थ श्रेणी कर्मी राजू में गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा पुलिस ने बैंक से कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर लोन लेकर धोखा धाड़ी के मामले में रुद्रपुर अधीक्षण अभियंता कार्यालय रुद्रपुर में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को गिरफ्तार कर साथ ले गई।

अल्मोड़ा पुलिस ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक अल्मोड़ा के बेस अस्पताल चौकी प्रभारी अनिल जोशी रुद्रपुर पहुंचे। रुद्रपुर निवासी राजू जीना पुत्र शेर सिंह को हिरासत में लिया। चौकी प्रभारी ने राजू से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान राजू को सच बताया। चौकी प्रभारी के मुताबिक समीर भटनागर शाखा प्रबंधक उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक अल्मोड़ा ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक से 19 लाख का लोन हिमांशु

**कार्रवाई**

- बैंक से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर लोन लेकर धोखाधड़ी का मामला

कुमार ने लिया और हिमांशु का गारंटर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजू जीना है। हिमांशु ने बैंक का लोन नहीं चुकाया। पुलिस के मुताबिक पुलिस जांच में गारंटर राजू जीना है इसके द्वारा भी गारंटर के रूप में कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर मुख्य आरोपी को सहयोग किया है।

उन्होंने बताया कि राजू यहां से पहले अल्मोड़ा में तैनात रहा। इसके बाद वह रुद्रपुर स्थित लोक निर्माण विभाग अधीक्षक अभियंता कार्यालय में तबादला होकर आ गया। अल्मोड़ा पुलिस पूछताछ के बाद राजू को गिरफ्तार कर ले गई। पुलिस ने राजू के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद कोर्ट में पेश किया।

# चेकिंग में फंसा नशे का सौदागर, 14.462 ग्राम डोडा पोस्त के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

काठगोदाम में नशे के खिलाफ पुलिस की सख्ती के बीच चेकिंग के दौरान एक युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। खेड़ा-चोरगलिया रोड पर संदिग्धों की जांच कर रही पुलिस ने 14.462 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर अजय नाम के युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने नशीला पदार्थ ले जाने में इस्तेमाल यूके 04 एएन 1467 वाहन को भी कब्जे में लिया है।

बागजाला जाने वाले रास्ते से पहले पुलिस टीम वाहनों और संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी में डोडा पोस्त मिलने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के बाद वाहन की भी जांच की गई और उसे कब्जे में ले लिया गया। कार्रवाई काठगोदाम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय पुत्र परमेश्वर, निवासी ग्राम देवलातल्ला, काठगोदाम के रूप में हुई है।

उसका स्थायी पता खाजू गोटिया, थाना गड़िया रंगीन, जनपद शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। नशे के खिलाफ अभियान में हुई इस कार्रवाई के बाद पुलिस की चेकिंग व्यवस्था पर भी नजरें टिक गई हैं। 14.462 ग्राम डोडा पोस्त के अलावा पुलिस ने वाहन बरामद किया है।

टीम में एसएसआई धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल प्रेम प्रकाश और कांस्टेबल सुरेंद्र बिष्ट कार्रवाई में शामिल रहे।



### विभिन्न मांगों को लेकर लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने की गेट मीटिंग

नैनीताल । उत्तरांचल फैडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन के बैनर तले उत्तरांचल लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीएल एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग नैनीताल के जिलाध्यक्ष हिमेश चंद्र सनवाल व महामंत्री हयात चंद आर्य के नेतृत्व में मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने लोनिवि के अधीक्षण अभियंता दितीय वृत्त के गेट पर विरोध स्वरुप बांहों में काले फीते बांधकर विभिन्न मांगों को लेकर गेट मिटिंग की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को:त्रिपाठी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि दो महत्वपूर्ण विधिक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशन पर पूरे देश में तीसरी बार मेडिटेशन-3 अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 1 अगस्त 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक चलेगा। इसके तहत उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों तथा जनपद न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थ के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। प्रत्येक जनपद में प्रशिक्षित मध्यस्थ मौजूद हैं। कोई भी पक्षकार इस अवधि में अपने लंबित मामले को समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकता है। बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 12 सितंबर शनिवार को पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उत्तराखण्ड राज्य में भी इसी दिन राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। कहा कि उच्च न्यायालय में लंबित मामलों हेतु उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा जिला न्यायालयों में लंबित मामलों हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इसकी देख-रेख में लोक अदालत आयोजित की जाएगी।सचिव ने बताया कि लोक अदालत में न केवल न्यायालयों में लंबित मामले बल्कि प्री.लिटिगेशन मामले अर्थात ऐसे विवाद जो भविष्य में न्यायालय में आ सकते हैं उनका भी निस्तारण किया जाएगा।उन्होंने आमजन से अपील की कि जिनके मुकदमे न्यायालयों में लंबित हैं वे 12 सितंबर को लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निस्तारण कराएं।

# धारी में आपदा प्रभावितों को चेक वितरित किए गए

**धारी**

हमारे संवाददाता

मंगलवार को कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा के निर्देशानुसार विकास खंड धारी के सरना, देवनगर, गुनियालेख, हरिनगर सरना, ज्यूरिगाड़, कुलौरी तथा पुटगांव व बबियाड़ क्षेत्र के आपदा ग्रस्त गांवों का संबंधित विभागों द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस मौके पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि व उद्यान एवं पशुपालन विभाग व विद्युत विभाग सहित अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।भ्रमण कार्यक्रम में बलॉक प्रमुख धारी भावना,



जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रकाश चन्द्र, महिपाल सिंह कुलौरा, डीडीओ नैनीताल, बीडीओ धारी तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपा व ग्राम प्रधान हरीश सिंह गंगोला सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा के निर्देशों के क्रम में लोक निर्माण विभागए राजस्व विभाग व अन्य विभागों को आपदा पीड़ित परिवारों का निरीक्षण कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आकलन रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजने के निर्देश दिए गएए ताकि आपदा पीड़ित परिवारों को सही समय पर सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।धारी तहसील सभागार में बलॉक प्रमुख भावना तथा बीडीओ धारी तथा तहसीलदार धारी की उपस्थिति में मुखयमंत्री राहत कोष से आपदा प्रभावितों को चेक वितरित किए गए।